भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
**AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA**

संदर्भ सं- भाविप्रा/उ.पू.क्षे/मा.सं/भर्ती/2021 दिनांक – 03.02.2022

## परिपत्र

**विषय : उत्तर पूर्वी क्षेत्र में विभिन्न संवर्ग के वरिष्ठ सहायक(एनई-6 स्तर) ग्रेड के रिक्त पदों को विभागीय परीक्षा द्वारा भरे जाने के संबंध में ।**

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के अधिसूचित भर्ती एवं पदोन्नति विनियम 2020 की धारा 22(v)(b) में वर्णित प्रावधानों के अनुसार एवं अनुवर्ती परिपत्र के आधार पर उत्तर पूर्वी क्षेत्र के निम्नलिखित वरिष्ठ सहायक (एनई-6 स्तर) के रिक्त पदों को रु.36000- रु.110000/- के वेतनमान में विभागीय परीक्षा के माध्यम से भरे जाने का प्रस्ताव है-

1. **वरिष्ठ सहायक (प्रचालन) 05 पद**
2. **वरिष्ठ सहायक (वित्त) 02 पद**
3. **वरिष्ठ सहायक (इलेक्ट्रॉनिक्स) 09 पद**
4. **वरिष्ठ सहायक (राजभाषा) 01 पद**

भर्ती एवं पदोन्नति विनियम 2020 के अनुसार व अनुवर्ती परिपत्र के आधार पर अपेक्षित शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव रखने वाले योग्य एवं इच्छुक विभागीय उम्मीदवारों से निम्नलिखित विवरण के अनुसार रिक्त पदों को भरने के लिए आवेदन आमंत्रित किया जाता है-

| | |
|---|---|
| 01. पद का नाम | वरिष्ठ सहायक (प्रचालन) (एनई-6) |
| पदों की संख्या | 05 (अनारक्षित-4, अनु.ज.जा-01 ) |
| वेतन मान | रु. 36000 – 110000 |
| आयु | 31.01.2022 तक अधिकतम आयु सीमा 50 वर्ष |
| शैक्षणिक योग्यता | स्नातक सहित एलएमवी लाइसेंस, प्रबंधन डिप्लोमाधारी को वरीयता दी जाएगी। |
| अनुभव | संबंधित संवर्ग में 2 साल का प्रासंगिक अनुभव । |
| 02. पद का नाम | वरिष्ठ सहायक (वित्त) (एनई-6) |
| पदों की संख्या | 02 (अनारक्षित-02) |
| वेतन मान | रु. 36000 – 110000 |
| आयु | 31.01.2022 तक अधिकतम आयु सीमा 50 वर्ष |
| शैक्षणिक योग्यता | स्नातक, बी.कॉम को वरीयता तथा 03 से 06 माह तक का कंप्यूटर प्रशिक्षण कोर्स । |
| अनुभव | संबंधित संवर्ग में 2 साल का प्रासंगिक अनुभव । |
| 03. पद का नाम | वरिष्ठ सहायक (इलेक्ट्रॉनिक्स) (एनई-6) |
| पदों की संख्या | 09 (अनारक्षित-06, अनु.ज.जा-03) |
| वेतन मान | रु. 36000 – 110000 |
| आयु | 31.01.2022 तक अधिकतम आयु सीमा 50 वर्ष |
| शैक्षणिक योग्यता | इलेक्ट्रॉनिक्स/टेलीकॉम्यूनिकेशन/रेडियो इंजीनियरिंग में डिप्लोमा। |
| अनुभव | संबंधित संवर्ग में 2 साल का प्रासंगिक अनुभव । |

अल्बर्ट

| | |
|---|---|
| 04. पद का नाम | वरिष्ठ सहायक (राजभाषा) (एनई-6) |
| पदों की संख्या | 01 (अनु.ज.जा-01) |
| वेतन मान | रु. 36000 – 110000 |
| आयु | 31.01.2022 तक अधिकतम आयु सीमा 50 वर्ष |
| शैक्षणिक योग्यता | स्नातक डिग्री स्तर पर एक विषय के रूप में अंग्रेजी के साथ हिन्दी में स्नातकोत्तर डिग्री।<br>अथवा<br>स्नातक डिग्री स्तर पर एक विषय के रूप में हिन्दी के साथ अंग्रेजी में स्नातकोत्तर डिग्री<br>अथवा<br>स्नातक डिग्री स्तर पर हिन्दी एवं अंग्रेजी अनिवार्य/वैकल्पिक विषय के साथ मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से हिन्दी/अंग्रेजी के अतिरिक्त अन्य किसी भी विषय में स्नातकोत्तर डिग्री।<br>अथवा<br>स्नातक डिग्री स्तर पर हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम एवं अनिवार्य/ वैकल्पिक विषय या परीक्षा के माध्यम के साथ मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से हिन्दी/अंग्रेजी के अतिरिक्त अन्य किसी विषय में स्नातकोत्तर डिग्री।अर्थात् यदि स्नातक स्तर पर हिन्दी माध्यम हो तो अंग्रेजी अनिवार्य/ वैकल्पिक विषय के रूप में शामिल हो या अंग्रेजी माध्यम हो तो हिन्दी अनिवार्य/ वैकल्पिक विषय के रूप में शामिल हो।<br>अथवा<br>हिन्दी एवं अंग्रेजी अनिवार्य/वैकल्पिक विषय या इन दोनो विषयों में से किसी एक विषय परीक्षा का माध्यम व दूसरा अनिवार्य/वैकल्पिक विषय के साथ किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक डिग्री उत्तीर्ण। साथ ही अंग्रेजी से हिन्दी व हिन्दी से अंग्रेजी अनुवाद पर मान्यता प्राप्त डिप्लोमा/सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम या भारत सरकार उपक्रमों या प्रतिष्ठित संस्थानों सहित केन्द्र/राज्य सरकार के कार्यालयों में दो वर्ष का अंग्रेजी से हिन्दी एवं हिन्दी से अंग्रेजी अनुवाद का अनुभव।<br>***वांछनीय: हिन्दी टंकण का ज्ञान।*** |
| अनुभव | संबंधित संवर्ग में 02 साल का प्रासंगिक अनुभव। |

2. उत्तर पूर्व क्षेत्र के विभिन्न हवाईअड्डों में सेवा प्रदान करने को इच्छुक एवं योग्य ग्रुप ' सी' एवं ' डी' के विभागीय कार्मिक उचित माध्यम द्वारा संलग्न निर्धारित प्रपत्र में आवेदन कर सकते हैं। इच्छुक कार्मिकों के आवेदन उचित संविक्षा एवं प्रमाणिकरण के पश्चात क्षेत्रीय मुख्यालय, उत्तर पूर्वी क्षेत्र को संलग्नित प्रोफर्मा में भरकर ईमेल पता: recttner@aai.aero पर भेजें तथा उक्त की हार्ड कॉपी सहित स्व प्रमाणित शैक्षिक/व्यावसायिक योग्यता एवं जाति प्रमाणपत्र स्पीड पोस्ट के माध्यम से.Rectt. Cell, Department of HRM, Regional Headquarters(North Eastern Region), Guwahati के पते पर अनिवार्य रूप से दिनांक 28.02.2022 को या इससे पहले भेज दें।

3. यदि निर्धारित तिथि तक कोई भी आवेदन प्राप्त नहीं होता है तो सूचना शून्य मानी जाएगी।

3. यह भी प्रमाणित किया जाए कि आवेदक के विरूद्ध कोई भी सतर्कता/अनुशासनात्मक मामला लंबित/ विचाराधीन नहीं है। वर्ष 2020-2021 तक आवेदक के पिछले 05 वर्षों के पार ग्रेडिंग कृपया अग्रेषित किया जाए। अंतिम तिथि के बाद प्राप्त या अपूर्ण आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

4. किसी भी विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ वैध माना जाएगा।

5. यह सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जाता है।

अ लालू

**(अलिथिया डी. लालू )**
**वरिष्ठ प्रबंधक (मा.सं)**
कृते महाप्रबंधक(मा.सं)
क्षे.मु, उ.पू.क्षे, गुवाहाटी

**संलग्न**- यथोक्त

**सेवा में,**

विमानपत्तन निदेशक, अगरतला/ शिलांग/ डिब्रूगढ़/ दीमापुर/ गुवाहाटी/ होलोंगी/ इंफाल/ जोरहाट/लीलाबारी/लेंगपुई/रूपसी /सिल्चर / तेजपुर/ तेजू

**प्रतिलिपि-**

1. कार्यपालक निदेशक(मा.सं), राजीव गांधी भवन, निगमित मुख्यालय- को सादर सूचनार्थ
2. क्षेत्रीय कार्यपालक निदेशक, उ.पू.क्षे- को सादर सूचनार्थ

**आंतरिक वितरण –**

1. समस्त विभागाध्यक्ष/ अनुभागाध्यक्ष, क्षे.मु, भाविप्रा, उ.पू.क्षे।
2. क्षेत्रीय सचिव/ शाखा सचिव , एएईयू, गुवाहाटी
3. क्षेत्रीय सचिव/ शाखा सचिव, आईएकेयू, गुवाहाटी
4. क्षेत्रीय सचिव, भाविप्रा, एससी/एसटी कर्मचारी कल्याण संघ- उ.पू.क्षे
5. नोटिस बोर्ड/ भाविप्रा वेबसाईट

प्रोफोर्मा

# वरिष्ठ सहायक (एनई-6 स्तर) पद हेतु आवेदन
# विभागीय परीक्षा-2022

| | |
|---|---|
| 1. पूरा नाम (मोटे अक्षरों में) (सेवा पंजी के अनुसार) | |
| 2. पिता का नाम | |
| 3. पदनाम | |
| 4. कर्मचारी संख्या | |
| 5. जन्म तिथि | |
| 6. समुदाय (अनु.जा/अनु.ज.जा)<br>(स्व प्रमाणित प्रति संलग्न करें) | |
| 7. नियुक्ति की तिथि<br>सीएडी/एनएए/आईएए/एएआई में | |
| 8. वर्तमान वेतन मान एवं मूल वेतन | |
| 9. शैक्षणिक योग्यता<br>(स्व प्रमाणित प्रति संलग्न करें) | |
| 10. वर्तमान ग्रेड में कार्यग्रहण/पदोन्नति की तिथि | |
| 11. वर्तमान तैनात स्टेशन | |
| 12. अनुभव | |
| 13. यदि चयनित हो जाए तो उत्तर पूर्व क्षेत्र के अधीन<br>किसी भी स्टेशन में स्थानांतरण की सहमति। | हाँ/नहीं |

## घोषणा एवं वचनबद्धता

यह प्रमाणित किया जाता है कि ऊपर दी गई जानकरी मेरे सर्वोत्तम ज्ञान और विश्वास के अनुसार सत्य और सही है।

उम्मीदवार के हस्ताक्षर

स्थान-
तिथि-

## प्रमाण- पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि उपर्युक्त विवरण उक्त कार्मिक के सेवा रिकॉर्ड से सत्यापित किया गया है और वह सही पाया गया है, जिससे वह पात्रता का मापदंड पूरा करता है। यह भी प्रमाणित किया जाता है कि उनके विरूद्ध कोई भी सतर्कता/अनुशासनात्मक मामला लंबित या विचाराधीन नहीं है।

मा.सं विभागाध्यक्ष के हस्ताक्षर
नाम एवं पदनाम सहित
(कार्यालय मुहर)